


HONOR 90 27mm f/1.9 1/100s ISO1000


(उत्तरकाशी)
It is the supreme art of the teacher to awaken joy in creative expression and knowledge.
Albert Einstein
Mentimeter
Menti com
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तरकाशी


एवम् प्रशिक्षण संस्थान
(उत्तरकाशी)
ITC के
तक




HONOR 90

27mm f/1.9 1/100s ISO125




HONOR 90 27mm f/1.9 1/50s ISO1250

# डीआईईटी बड़कोट में सामाजिक विज्ञान कार्यशाला सम्पन्न



**अमर हिन्दुस्तान**

**बड़कोट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) बड़कोट में सामाजिक विज्ञान शिक्षण को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से पाँच दिवसीय आईसीटी आधारित सामाजिक विज्ञान कार्यशाला* सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को डिजिटल शिक्षण उपकरणों, तकनीक आधारित शिक्षण विधियों और ऑनलाइन सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध कराना था।प्रशिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित आईसीटी-सक्षम शिक्षण सिद्धांतों, साइबर सुरक्षा, एआई आधारित शिक्षण साधन, कॉपीराइट कानून, गूगल फॉर्म सहित विभिन्न डिजिटल टूल्स पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागी शिक्षकों को सभी विषयों पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस कराई गई, ताकि वे कक्षाओं में तकनीक का प्रभावी उपयोग कर सकें। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य संजीव जोशी ने शिक्षकों से तकनीकी प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यशाला समन्वयक सुशील चंद्र जोशी ने आईसीटी के व्यावहारिक उपयोगों पर विशेष रूप से चर्चा की और शिक्षकों को डिजिटल युग के अनुरूप शिक्षण कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यवहारिक और भविष्य उन्मुख बताते हुए कहा कि इससे सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनेंगी। कार्यक्रम में हेमू बिष्ट, रिचा उनियाल, वासुदेव सिंह रावत, बृजेश नौटियाल आदि उपस्थित रहे।